"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 24] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 15 जून 2018—ज्येष्ठ 25, शक 1940

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 5-14/2017/1 (एक).—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री तोट्टलिल भास्करन नायर राधाकृष्णन, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर को दिनांक 16-04-2018 से 27-04-2018 (12 दिन) का पूर्ण वेतन भत्तों सहित लघुकृत अवकाश एवं अवकाश पूर्व सार्वजनिक अवकाश दिनांक 14 एवं 15 अप्रैल, 2018 एवं अवकाश पश्चात् दिनांक 28 एवं 29 अप्रैल, 2018 का लाभ लेने की स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
ईमिल लकड़ा, विशेष सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2018

क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6.—राज्य शासन की विभिन्न औद्योगिक नीतियों यथा 2001-06, 2004-09, 2009-14 एवं 2014-19 के तहत औद्योगिक इकाई को उसकी पात्रता के अनुसार विभिन्न औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिये जाते है. इनमें मुख्य हैं-ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, विद्युत शुल्क से छूट प्रवेश कर से छूट इत्यादि. इसके साथ ही राज्य की कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012-19 एवं ऑटोमोटिव उद्योग नीति 2012-17 के तहत भी औद्योगिक इकाई को उसकी पात्रता के अनुसार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन सुविधाएं दी जाती है. इसमें प्रमुख है, मंडी शुल्क से छूट, पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता इत्यादि.

2. उपरोक्त योजनाओं से संबंधित अधिसूचनाओं में अनुदान स्वीकृति के उपरांत उद्योग में स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति बाबत् प्रावधान का संक्षेप में सार निम्नानुसार है :—

पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक उद्योग आयुक्त/संचालक, उद्योग की पूर्वानुमति के बिना इकाई के फैक्ट्री स्थल में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा, फैक्ट्री का कोई भाग अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा तथा न ही स्वामित्व परिवर्तन किया जा सकेगा तथा फैक्ट्री के अधोसंरचना तथा स्थायी परिसम्पतियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा. उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग को प्रकरण के गुण-दोष के आधार पर इन बिन्दुओं पर निर्णय लेने का अधिकार होगा. इस शर्त का उल्लंघन करने की दशा में अनुदान वसूली योग्य होगा.

3. औद्योगिक इकाईयों से स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आवेदन संचालनालय में आते रहे हैं. इनमें विभिन्न औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त इकाईयों के आवेदन भी सम्मिलित है. इस निर्देश के परिप्रेक्ष्य में स्वामित्व परिवर्तन आशय एकल स्वामित्व के प्रकरणों में एकल स्वामित्व का परिवर्तन, भागीदारी इकाई में किसी भागीदार का प्रवेश/रिटायर होना/मूल अंश धारिता में परिवर्तन तथा कंपनी के मामलें में मूल शेयर-धारकों का अंश मूल अंश धारिता के 51 प्रतिशत से कम हो जाना है. अत: विभिन्न औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त इकाईयों के स्वामित्व परिवर्तन संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते है :—

1 **प्रक्रिया :—**

1. स्वामित्व परिवर्तन चाहने वाली औद्योगिक इकाई को परिशिष्ट-1 में निर्धारित प्रारूप में आवेदन, संबंधित जिले के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में पूर्ण कर आवश्यक सहपत्रों के साथ जमा करना होगा. यदि संबंधित उद्योग का संगठन एकल स्वामित्व के भिन्न है तो वांछित प्रमाण पत्र (भागीदारी के प्रकरणों में भागीदारी संलेख/रजिस्ट्रार ऑफ फर्म एण्ड सोसायटी के पंजीयन प्रमाण पत्र एवं कम्पनी के प्रकरणों में कम्पनी का पंजीयन प्रमाण पत्र तथा मेमोरेण्डम एण्ड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन तथा सहकारी समिति के प्रकरणों में समिति का पंजीयन प्रमाण पत्र) एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत पत्र भी हस्ताक्षर करने की आधिकारिता के पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा. इकाई की स्थापना औद्योगिक क्षेत्र में होने की स्थिति में सर्वप्रथम औद्योगिक क्षेत्र में भूमि हस्तांतरण, यदि लागू हो, की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी. तत्पश्चात् स्वामित्व परिवर्तन के आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुमति संबंधी दस्तावेज संलग्न कर आवेदन किया जायेगा.

   प्रत्येक आवेदन पत्र सशुल्क जमा किया जायेगा. सूक्ष्म एवं लघु उद्योग श्रेणी के उद्योग हेतु आवेदन शुल्क रुपये 2,000/- मध्यम एवं वृहद श्रेणी उद्योग हेतु आवेदन शुल्क रुपये 5,000/- तथा मेगा एवं अल्ट्रामेगा श्रेणी हेतु आवेदन शुल्क रुपये 10,000/- होगा. यह आवेदन शुल्क संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में आवेदन के साथ जमा किया जाएगा. मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा पूर्ण आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र की पावती परिशिष्ट-2 अनुसार दी जावेगी. अपूर्ण आवेदन संबंधित जिले के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक द्वारा इकाई को पूर्ण करने हेतु स्वत: वापिस किये जायेंगे अर्थात् इन्हें उद्योग संचालनालय को प्रेषित नहीं किया जायेगा.

2. मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा औद्योगिक इकाई को पूर्व में स्वीकृत की जा चुकी सभी अनुदान, छूट एवं रियायतों का विस्तृत वर्णन देते हुए उद्योग संचालनालय को प्रेषित किया जावेगा. इसमें अनुदान का नाम स्वीकृत आदेश का क्रमांक, स्वीकृति दिनांक, अनुदान राशि, वितरण दिनांक, वितरित राशि, पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक की शेष अवधि, निष्पादित अनुबंध की प्रति के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक (न्यूनतम) स्तर के अधिकारी द्वारा फैक्ट्री स्थल का निरीक्षण प्रतिवेदन (प्रपत्र अनुसार) तथा मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (प्रपत्र अनुसार) की स्पष्ट अनुशंसा (परिशिष्ट-3 अनुसार) के साथ प्रेषित किया जावेगा.

3. यदि उद्योग वित्त पोषित है,तो वित्त पोषित संस्था/बैंक का स्वामित्व परिवर्तन के लिये सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें प्रश्नाधीन इकाई को दिये गये समस्त ऋण खातों के समायोजन बाबत स्पष्ट विवरण होगा. ऋण के समायोजन बाबत स्पष्ट विवरण न होने पर इसे संबंधित वित्त पोषित संस्था/बैंक का सहमति पत्र नहीं माना जायेगा.

4. स्वामित्व परिवर्तन के इच्छुक दोनों पक्षकार (क्रेता एवं विक्रेता फर्म/कंपनी/एलएलपी/इत्यादि) अपनी-अपनी इकाईयों एवं समस्त हितधारकों के पैन-कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आवेदन के साथ जमा करेंगे. आवश्यक होने पर कंपनी के संचालक मंडल का संकल्प भी जमा करना होगा.

5. उद्योग संचालनालय द्वारा स्वामित्व परिवर्तन बाबत् स्वामित्व परिवर्तन की शर्तों के संबंध में संबंधित उद्योग के मूल स्वामी एवं भावी नवीन स्वामी को शर्तों के पालन बाबत्, लिखित में अवगत कराया जावेगा (परिशिष्ट-4). ऐसा अवगत कराने पश्चात (पत्र जारी दिनांक से) शर्तों/प्रक्रिया पालन हेतु दोनों पक्षकारों द्वारा तीन माह की समया-वधि में सहमती एक नोटराईज शपथ पत्र के रूप में दी जायेगी. इस तीन माह की समयावधि में सामान्यत: कोई वृद्धि नहीं की जायेगी न ही इसके पालन में कोई शिथिलता प्रदान की जावेगी.

6. उद्योग संचालनालय द्वारा इन शर्तों के तहत दी गई पूर्ति के प्रमाण के रूप में, एक नोटराईज शपथ पत्र उद्योग के मूल स्वामी एवं नवीन स्वामी द्वारा निष्पादित करते हुए, पूर्व कंडिका क्रमांक 4 में उल्लेखित सूचना पत्र जारी होने के दिनांक से तीन माह की समयावधि के भीतर उद्योग संचालनालय में जमा करना अनिवार्य होगा. इसे समयावधि में जमा न करने पर स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आवेदन स्वमेव निरस्त माना जाकर नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा और इकाई को इसकी पृथक से कोई सूचना नहीं दी जायेगी.

7. स्वामित्व परिवर्तन की स्थिति में यदि पूर्व स्वामी एवं नवीन स्वामी की श्रेणी (तत्समय प्रचलित औद्योगिक नीति में वर्णित वर्गीकरण अनुसार) में परिवर्तन के कारण यदि अनुदान की राशि में कोई अंतर आता है तो स्वामित्व परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र के साथ अंतर की राशि के भुगतान से संबंधित प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. परन्तु यदि उक्त श्रेणी परिवर्तन के कारण किसी प्रकरण में अनुदान की अतिरिक्त पात्रता की स्थिति बनती है, उस स्थिति में कोई अतिरिक्त अनुदान नहीं दिया जायेगा.

8. उपरोक्त 1 से 7 की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात प्रकरण का पूर्ण परीक्षण कर स्वामित्व परिवर्तन के संबंधित आदेश, (परिशिष्ट-5) संचालक/आयुक्त उद्योग द्वारा जारी किया जावेगा.

2. **शर्तें—** औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन से संबंधित अधिसूचनाओं में अनुदान प्राप्त औद्योगिक इकाई के दायित्व संबंधी कंडिकाएँ हैं. अनुदान प्राप्त औद्योगिक इकाई के दायित्व संबंधी कंडिकाओं का पालन संबंधित उद्योग के क्रेता को, अर्थात्, नये स्वामी को करना होगा. इसकी पूर्ति के लिये औद्योगिक इकाई के स्वामित्व परिवर्तन संबंधी अनुमति निम्नांकित शर्तों की पूर्ति के अधीन, यथास्थिति जो लागू हो, उद्योग संचालनालय द्वारा दी जावेगी :—

1. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त ....अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक) अर्थात दिनांक ....तक इकाई को कार्यरत् रखना होगा. इस अवधि तक उक्त इकाई की उत्पादन क्षमता को स्थापित क्षमता का स्वामित्व परिवर्तन से तत्काल पूर्व के 3 वर्षों की औसत उत्पादन क्षमता पर नियत अवधि अर्थात दिनांक ....तक निरंतर कार्यरत् बनाये रखना अनिवार्य होगा.

2. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त ....अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक) अर्थात दिनांक ....तक राज्य शासन द्वारा प्रचलित औद्योगिक नीति–अनुसार राज्य के मूल निवासियों को संबंधित उद्योग में प्रत्येक श्रेणी में निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराना होगा.

3. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त ....अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक) अर्थात दिनांक ....तक तक की अवधि के लिय स्वप्रमाणित उत्पादन विवरण तथा विक्रय विवरण संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को दिये गये प्रारूप में वार्षिक रूप से संबंधित वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के पश्चात् आगामी वित्तीय वर्ष में 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करना होगा.

4. मेसर्स ....उद्योग के क्रेता को, अर्थात् नये स्वामी को, वहीं उद्योग जिसमें पूर्व के समान उत्पाद/उत्पादों का निर्माण किया जायेगा, प्रारंभ करना होगा. पूर्व के समान उत्पाद/उत्पादों से तात्पर्य उन उत्पादों से है जो उद्योग के मूल स्वामी द्वारा अनुदान लेने के लिये प्रारंभ किया गया था. अनुदान के लिये नियत अवधि (पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक) तक उद्योग संचालन करने की अवधि मे नवीन स्वामी को अतिरिक्त उत्पाद प्रारंभ करने की स्वतंत्रता होगी किन्तु यह पूर्व के उत्पादों के उत्पादन क्षमता को बाधित कर नहीं की जाना चाहिये. उक्त अवधि समाप्त होने के उपरांत नवीन स्वामी को उद्योग में सभी तरह के उत्पादों को बनाने की स्वतंत्रता होगी, किन्तु इसके लिये उसे आवश्यकतानुसार अनुमतियां प्राप्त करनी होंगी

5. सामान्यत: मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी (निवेशक) जिस वर्ग से संबंध रखता है, स्वामित्व परिवर्तन उसी वर्ग के निवेशक को करने की अनुमति दी जावेगी ताकि दिये अनुदान की मात्रा में विसंगति न हो, जैसे–उद्यमी यदि अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग/महिला उद्यमी वर्ग से संबंधित है तो उद्योग का नया स्वामी भी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग/महिला उद्यमी वर्ग से अनुमत होगा.

6. मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी को यदि निवेशक के वर्ग के आधार पर मूल स्वामी के संचालन के समय, सामान्य दर से अधिक अथवा विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन दिया गया है एवं स्वामित्व परिवर्तन उस वर्ग से भिन्न वर्ग के उद्यमी को होना है जिसे अधिक अथवा विशेष प्रोत्साहन की पात्रता नहीं है, तो प्राप्त किये गये सामान्य दर से अधिक अथवा विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन के अंतर की राशि का भुगतान मूल स्वामी द्वारा करने की शर्त पर ही अनुमति दी जा सकेगी. इस अंतर की राशि की गणना दिये गये आवेदन पत्र के साथ ही जमा करना आवश्यक होगा. ऐसे प्रकरणों में उक्त अंतर की राशि को जमा करने के प्रमाण प्रस्तुत किये जाने के उपरांत ही स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति जारी की जायेगी. इसी प्रकार मेसर्स..........................उद्योग यदि औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित है तो प्रचलित भू–आवंटन नियमों में उपबंधित नियमों के अन्तर्गत सक्षम अनुमति एवं लागू भू–हस्तांतरण शुल्क आदि का भुगतान नवीन स्वामी द्वारा किये जाने उपरांत ही स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति जारी की जायेगी.

7. मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी को यदि निवेशक के वर्ग के आधार पर मूल औद्योगिक क्षेत्रों में नि:शुल्क/रियायती दर पर भूमि आवंटन प्राप्त किया है एवं स्वामित्व परिवर्तन उस वर्ग के उद्यमी से भिन्न उद्यमी के पक्ष में होना है, जिसे नि:शुल्क या रियायती दर पर आवंटन की पात्रता नहीं है, तो उसकी अनुमति तभी दी जावेगी, जब स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति देने के आवेदन के समय छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 की कंडिका 2.10.2 के पालन में औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि की जो तत्समय प्रचलित दरें हैं व मूल स्वामी द्वारा भुगतान की गई भू–प्रब्याजि व भू–आवंटन से संबंधित अन्य देयताओं के अंतर की राशि का निर्धारित ब्याज सहित भुगतान नवीन स्वामी अथवा मूल स्वामी द्वारा किया जा चुका हो.

8. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन संबंधी अनुमति केवल उसे दिये गये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहनों के संदर्भ में होगी.मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन पर संबंधित पक्षकारों/अन्य हितधारकों यथा बैंक, शासकीय विभाग के मध्य यदि कोई विवाद होता है तो उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ (अथवा उसके अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारी) उसमें पक्षकार नहीं होगा व उसकी कोई देयता नहीं होगी न ही वह किसी तरह के हर्जाने/क्षतिपूर्ति/मुआवजा के लिये जिम्मेदार होगा.

9. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने के पश्चात् औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन से संबंधित अधिसूचनाओं के अधीन समस्त अधिकारों एवं दायित्वों का हस्तांतरण उद्योग के नये स्वामी को हो जावेगा.

10. मेसर्स ....उद्योग की स्थापना अथवा उद्योग संचालन हेतु उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के जो विधिक अनुमतियां/अनुज्ञप्तियां आवश्यक होगी, उन सभी में स्वामित्व परिवर्तन बाबत् कार्यवाही नये स्वामी को स्वयं करानी होगी व संबंधित विभागों के नाम परिवर्तन संबंधी प्रक्रियाओं/शर्तों का पालन भी पूर्णरूपेण करना होगा.

11. मेसर्स ....उद्योग में स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने की दिनांक से नये स्वामी पर वह सभी नियम, कानून लागू होंगे जो कि इस उद्योग के मूल स्वामी पर बंधनकारी थे.

12. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने की दिनांक से उक्त इकाई पर मूल स्वामी का कोई अधिकार नहीं होगा.

13. मेसर्स ....उद्योग के मूल स्वामी द्वारा यदि व्यक्तिगत क्षमता में कोई विधिक उल्लंघन किया गया है/किया जाना पाया जाता है, तो उसके लिए इस उद्योग का मूल स्वामी स्वामित्व परिवर्तन के पश्चात् भी उत्तरदायी होगा.

14. मेसर्स ....उद्योग के मूल स्वामी द्वारा यदि किसी कानून का उल्लंघन किया गया है व उस उल्लंघन का प्रभाव उद्योग के स्वामित्व एवं उद्योग में उत्पादन को निरंतर रखने पर पड़ता है, तो स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश निरस्त माना जावेगा.

15. उपरोक्त शर्तों में से किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित उद्योग के नये स्वामी के विरूद्ध उस उद्योग को दिये गये अनुदान की नियमानुसार वसूली के लिये कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी.

4. उक्त प्रक्रिया को पूर्ण करने से पूर्व उद्योग संचालनालय द्वारा आवेदनकर्त्ताओं के व्यय पर दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रश्नाधीन उद्योग में स्वामित्व परिवर्तन की आम सूचना का प्रकाशन कराया जाकर आपत्ति आमंत्रित की जायेगी. प्राप्त आपत्तियों का समाधान कारक निराकरण होने के उपरान्त ही स्वामित्व परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी.

5. यह पूर्ण प्रक्रिया स्वामित्व परिवर्तन के मामलों में केवल औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की निरंतरता शेष अवधि में बनाए रखने हेतु की जायेगी, यह स्पष्ट उल्लेख जारी किये जाने वाले अनुमति पत्र में होगा. अन्य प्रकरणों में स्वामित्व परिवर्तन हेतु अनुमति तत्संबंधी नियमों के तहत् ही दी जावेगी.

6. स्वामित्व परिवर्तन के सभी प्रकरणों में उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करने तथा संबंधित उद्योग के नये स्वामी पर आरोपित शर्तो के पालन का दायित्व उद्योग संचालनालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों का होगा. उद्योग संचालनालय इस दायित्व की पूर्ति के लिये प्रक्रिया का निर्धारिण स्वत: कर सकेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

परिशिष्ट–1

औद्योगिक नीति .... के अंतर्गत स्थापित उद्योग मेसर्स ....द्वारा औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति प्राप्त करने हेतु स्वप्रमाणित आवेदन

1– मूल औद्योगिक इकाई का नाम व पता

2– संगठन का प्रकार –

एकल स्वामित्व/साझेदारी/कंपनी/ सहकारी समिति/ सीमित दायित्व साझेदारी	

3– मूल इकाई के स्वामी का नाम व पता

4– उद्यमी का वर्गीकरण –

सामान्य /अप्रवासी भारतीय –प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक (एफ0डी0आई0) /निर्यातक/ विदेशी तकनीक से संबंधित निवेशक/अनुसूचित जाति/ जनजाति / महिला /निःशक्त/ सेवा निवृत्त सैनिक/ नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति	

5– मूल औद्योगिक इकाई का प्रकार–

सूक्ष्म एवं लघु/ मध्यम/वृहद / मेगा प्रोजेक्ट/ अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट	

6– मूल औद्योगिक इकाई का फैक्ट्री स्थल

1 स्थान 2 विकास खण्ड 3 जिला 4. औद्योगिक दृष्टि से विकासशील/पिछड़े क्षेत्र	

7– पंजीयन प्रमाण पत्रों का विवरण

1– लघु उद्योग पंजीयन प्रमाण पत्र– ई0एम0 पार्ट–2/उद्यम आधार	
2– वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र	
3– वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने का दिनांक	
4– उत्पाद व वार्षिक उत्पादन क्षमता (मात्रा व मूल्य)	
5– उत्पाद व 03 वर्षो का औसत उत्पादवार वार्षिक उत्पादन (मात्रा व मूल्य)	

8– उद्योग स्थापना स्थल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित होने पर –

ओद्योगिक क्षेत्र का नाम,	आबंटित भूमि का भूखण्ड क्रमांक एवं रकबा (हेक्ट. में)	भूमि आबंटन के समय भुगतान की गई राशि (भू–प्रब्याजी/भू–भाटक/ संधारण शुल्क/स्ट्रीट लाईट शुल्क/ जल शुल्क/सेवा शुल्क व अन्य)	क्या आबंटन निःशुल्क/रियायती दरों पर प्राप्त किया गया है। (हॉ/नहीं)

कृपया आशय पत्र, आबंटन आदेश तथा भूमि हस्तांतरण, यदि लागू हो, की अनुमति संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करें।

8.– **मूल इकाई प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रोत्साहनों का विवरण–**

औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का नाम	आदेश क्रमांक/अवधि	राशि	अबतक जारी कुल राशि (यथालागू)
स्टाम्प शुल्क से छूट प्रमाण पत्र			
ब्याज अनुदान			
स्थायी पूंजी निवेश अनुदान			
प्रवेश कर भूगतान से छूट			
विद्युत शुल्क से छूट			
पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता			
मंडी शुल्क से छूट/अनुदान			
अन्य। कृपया विवरण दें।			

9– उद्योग के चालू रहने की अवधि – दिनांक .... से .... तक

10– उद्योग में निर्मित हो रहे उत्पादों का विवरण नाम एवं उत्पादन क्षमता के साथ दें।
क्या इनमें अनुदान प्राप्त होने के पश्चात कोई परिवर्तन किया गया है ?

11– क्या इस उद्योग में अनुदान प्राप्त करने के समय की कोई परिसम्पत्ति (जैसे भूमि, भवन, यंत्र, उपकरण आदि) में कोई कमी की गई है ? कृपया पूर्ण विवरण दें।

12– स्वामित्व परिवर्तन का कारण –

13– स्वामित्व परिर्वन के संबंध में क्रेता से किये गये अनुबंध का संक्षिप्त विवरण –
कृपया अनुबंध की प्रति संलग्न करें।

14– क्या उद्योग वित्त पोषित है, (यदि हां तो बैंक/वित्तीय संस्था का नाम) –
वित्तीय संस्था से प्राप्त सुविधाओं का शेष राशि सहित विवरण दें।

15– क्या परिसम्पत्तियां वित्तीय संस्था/बैंकों में बंधक हैं ?
बंधक परिसम्पत्तियों का सम्पत्तिवार पूर्ण विवरण दें।

16– क्या उद्योग पर किसी प्रकार का वाद जिला न्यायालय/उच्च न्यायालय/अन्य न्यायालयों में चल रहा है ? यदि हां, तो उक्त वाद का विस्तृत विवरण वर्तमान स्थिति के साथ दें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

स्थान :–
दिनांक :–

औद्योगिक इकाई के अधिकृत व्यक्ति
के हस्ताक्षर
नाम
पद
औद्योगिक इकाई का नाम व पता
दिनांक

//घोषणा पत्र//

यह शपथपूर्वक घोषित किया जाता है कि मेसर्स ....(उद्योग का नाम और पूर्ण पता) को औद्योगिक नीति .... के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं यथा 1.............. 2..............3...................4..................(अनुदान योजनाओं के नाम) का लाभ लिया है। इस उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति से संबंधित आवेदन पत्र में दी गई जानकारी एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न स्व–प्रमाणित अभिलेख पूर्ण रूप से सही है।

मैं/हम मेसर्स ....(उद्योग का नाम और पूर्ण पता) यह घोषित करते हैं कि औद्योगिक नीति ....के अंतर्गत प्राप्त किये गये उक्त अनुदानों के संबंध में निष्पादित अनुबंध/अधिसूचना के अनुसार इस उद्योग को कार्यरत् रहने की अवधि, दिनांक .... .को पूर्ण हो चुकी है/दिनांक ....को पूर्ण होने वाली है जिसमें अभी ....वर्ष ....माह का समय शेष है। इस अवधि तक इस उद्योग को यथा स्थिति में कार्यरत बनाये रखने के लिये नये स्वामी श्री ....(नाम और पूर्ण पता) ने सहमति दी है। उनका सहमति संबंधी शपथ पत्र भी आवेदन के साथ संलग्न है।

मैं/हम मेसर्स ....(उद्योग का नाम और पूर्ण पता) की परिसम्पत्तियों के स्वामी है/हैं तथा यह घोषण करते हैं कि उक्त परिसम्पत्तियों के स्वामित्व पर अथवा अन्य किसी प्रकार का न्यायालयीन वाद नहीं है। उक्त परिसम्पत्तियां किसी बैंक में अथवा वित्तीय संस्थान में बंधक नहीं रखी गयी हैं/ उक्त परिसम्पत्तियां ....बैंक/................ वित्तीय संस्थान में बंधक रखी गयी हैं/थी। इनके संबंध में उक्त बैंक/वित्तीय संस्थान से प्राप्त ऋण रूपये............ में से आवेदन दिनांक तक रूपये ....का ऋण पटाया जाना शेष है। जिसे स्वामित्व परिवर्तन के पूर्व पूर्णतः चुकता कर इस उद्योग की सभी परिसम्पत्तियों को बंधक मुक्त करा लिया जायेगा जिसकी सूचना तत्समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में दी जायेगी।

इस शपथ पत्र की उपरोक्त जानकारी गलत/ त्रुटिपूर्ण / मिथ्या पाये जाने पर या किसी भी शपथ का उल्लंघन पाये जाने पर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा की गई कोई भी कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी एवं देय राशियों की वसूली मय 12 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ की जावेगी।

औद्योगिक इकाई के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम
पद
औद्योगिक इकाई का नाम व पता
दिनांक

टीप– आवेदन प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर उक्तानुसार हस्ताक्षर दिनांक सहित किये जावें तथा सील लगाई जाये।

परिशिष्ट–2

(अभिस्वीकृति)

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिला.................................

छत्तीसगढ़

मेसर्स .... पता.. द्वारा औद्योगिक नीति .... के तहत स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु आवेदन पत्र आज दिनांक ....को प्राप्त हुआ। आवेदन का पंजीयन क्रमांक .... है । भविष्य में पत्राचार में इस पंजीयन कमांक का उल्लेख करें।

स्थान

दिनांक

हस्ताक्षर

सक्षम प्राधिकारी / कार्यालय की सील

प्रति,

मेसर्स..

....

....

परिशिष्ट–3

औद्योगिक नीति .... के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति प्राप्त करने हेतु मेसर्स.....................द्वारा दिये गये आवेदन पर निरीक्षण प्रतिवेदन

1 निरीक्षक अधिकारी का नाम
पद नाम
निरीक्षण दिनांक

2– **औद्योगिक इकाई का नाम व पता**

3– **संगठन –**

एकल स्वामित्व/साझेदारी/कंपनी/सहकारी समिति/सीमित दायित्व साझेदारी	

4– **उद्यमी का वर्गीकरण –**

सामान्य /अप्रवासी भारतीय –प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक (एफ0डी0आई0) /निर्यातक/ विदेशी तकनीक से संबंधित निवेशक/अनुसूचित जाति/ जनजाति / महिला /निःशक्त/ सेवा निवृत्त सैनिक/ नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति	

5– **औद्योगिक इकाई का आकार–**

सूक्ष्म एवं लघु/ मध्यम/वृहद / मेगा प्रोजेक्ट/ अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट	

6– **औद्योगिक इकाई का फैक्ट्री स्थल**

1 स्थान 2 विकास खण्ड 3 जिला 4. औद्योगिक दृष्टि से विकासशील/पिछड़े क्षेत्र	

7– **पंजीयन**

1– लघु उद्योग पंजीयन प्रमाण पत्र/ई0एम0 पार्ट–2/उद्यम आकांक्षा	
2– वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र	
3– वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने का दिनांक	
4– उत्पाद व वार्षिक उत्पादन क्षमता (मात्रा व मूल्य)	
5– उत्पाद व 03 वर्षो का औसत उत्पादवार वार्षिक उत्पादन (मात्रा व मूल्य)	

8– **उद्योग स्थल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित होने पर –**

ओद्योगिक क्षेत्र का नाम	आबंटित भूमि का भूखण्ड क्रमांक व रकबा (हेक्ट. में)	भूमि आबंटन के समय भुगतान की गई राशि (भू–प्रब्याजी/भू–भाटक /संधारण शूल्क/स्ट्रीट लाईट शुल्क/जल शुल्क/सेवा शुल्क व अन्य)	क्या आबंटन निःशुल्क/रियायती दरों पर प्राप्त किया गया है। (हॉं/नहीं)

9.– इकाई को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रोत्साहनों का विवरण–

औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का नाम	आदेश क्रमांक/अवधि	राशि	अबतक जारी कुल राशि (यथालागू)
स्टाम्प शुल्क से छूट प्रमाण पत्र			
ब्याज अनुदान			
स्थायी पूंजी निवेश अनुदान			
प्रवेश कर भूगतान से छूट			
विद्युत शुल्क से छूट			
पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता			
मंडी शुल्क से छूट/अनुदान			
अन्य। कृपया विवरण दें।			

10– उद्योग के चालू रहने की अवधि – दिनांक .... से .... तक

11– उद्योग में निर्मित हो रहे उत्पादों का विवरण नाम एवं उत्पादन क्षमता के साथ दें। क्या इनमें अनुदान प्राप्त होने के पश्चात कोई परिवर्तन किया गया है ?

12– क्या इस उद्योग में अनुदान प्राप्त करने के समय की कोई परिसम्पत्ति (जैसे भूमि, भवन, यंत्र, उपकरण आदि) में कोई कमी की गई है ? कृपया पूर्ण विवरण दें।

13– क्या उद्योग वित्त पोषित है, (यदि हां तो बैंक/वित्तीय संस्था का नाम) – वित्तीय संस्था से प्राप्त सुविधाओं का शेष राशि सहित विवरण दें।

14– क्या परिसम्पत्तियां वित्तीय संस्था/बैंकों में बंधक हैं ? बंधक परिसम्पत्तियों का सम्पत्तिवार पूर्ण विवरण दें।

15– क्या उद्योग पर किसी प्रकार का वाद जिला न्यायालय/उच्च न्यायालय/अन्य न्यायालयों में चल रहा है ? यदि हां, तो उक्त वाद का विस्तृत विवरण वर्तमान स्थिति के साथ दें।

16– औद्योगिक इकाई के आवेदन में दर्शाये गये जानकारी/कारणों पर टीप व अभिमत, जैसे– उद्योग के मूल स्वामी की वर्तमान स्थिति, उद्योग के क्रेता की स्थिति व उनके उद्योग को चलाये जाने हेतु वित्तीय स्थिति, फैक्ट्री स्थल पर स्थित परिसंपत्तियों की जानकारी व प्रभावित रोजगार, औद्योगिक क्षेत्र में हस्तांतरण आदि पर बिन्दुवार टीप दें।

17– स्वामित्व परिवर्तन के संबंध में अनुशंसा

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

स्थान :–

दिनांक :–

प्रबंधक/महाप्रबंधक, जिव्याउके

हस्ताक्षर

नाम

पद

परिशिष्ट–4

उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़

उद्योग भवन, रिंग रोड नं0 1, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं0 (0771) 2583652–54, फैक्स नं0 2583651
email address : dtic-directorate.cg@gov.in

क्रमांक– /औ.नीति/20........./ रायपुर, दिनांक

सूचना पत्र

प्रति,

मेसर्स....................
....
....

विषयः– औद्योगिक नीति .... के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन।

संदर्भः– आपका आवेदन पत्र क्रमांक.....दिनांक......

––00––

आपके उपरोक्त संदर्भित आवेदन के परिप्रेक्ष्य में आपके द्वारा संचालित उद्योग.........का स्वामित्व परिवर्तन कर श्री.............को देने हेतु निम्नांकित शर्तों के अधीन स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी जाती है:–

1. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त......................अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (*पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक*) अर्थात दिनांक ....तक इकाई को कार्यरत् रखना होगा। इस अवधि तक उक्त इकाई की उत्पादन क्षमता को स्थापित क्षमता का स्वामित्व परिवर्तन से तत्काल पूर्व के 3 वर्षों की औसत उत्पादन क्षमता पर नियत अवधि अर्थात दिनांक ....तक निरंतर कार्यरत बनाये रखना अनिवार्य होगा।

2. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त......................अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (*पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक*) अर्थात दिनांक ....तक राज्य शासन द्वारा प्रचलित औद्योगिक नीति अनुसार राज्य के मूल निवासियों को संबंधित उद्योग में प्रत्येक श्रेणी में निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराना होगा।

3. मेसर्स ....उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश जारी होने की दिनांक से संबंधित इकाई को प्राप्त....................अनुदान की अधिसूचना अनुसार नियत अवधि (*पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक*) अर्थात दिनांक ....तक तक की अवधि के लिये स्वप्रमाणित उत्पादन विवरण तथा विक्रय विवरण संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को दिये गये प्रारूप में वार्षिक रूप से संबंधित वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के पश्चात् आगामी वित्तीय वर्ष में 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करना होगा।

4. मेसर्स ....उद्योग के क्रेता को, अर्थात् नये स्वामी को, वही उद्योग जिसमें पूर्व के समान उत्पाद/उत्पादों का निर्माण किया जायेगा, प्रारंभ करना होगा। पूर्व के समान उत्पाद/उत्पादों से तात्पर्य उन उत्पादों से है जो उद्योग के मूल स्वामी द्वारा अनुदान लेने के लिये प्रारंभ किया गया था। अनुदान के लिये नियत अवधि (*पात्रता अवधि तथा पात्रता अवधि समाप्त होने के पांच वर्ष बाद तक*) तक उद्योग संचालन करने की अवधि में नवीन स्वामी को अतिरिक्त उत्पाद प्रारंभ करने की स्वतंत्रता होगी किन्तु यह पूर्व के उत्पादों के उत्पादन क्षमता को बाधित कर नहीं की जाना चाहिये। उक्त अवधि समाप्त होने के उपरांत नवीन स्वामी को उद्योग में सभी तरह के उत्पादों को बनाने की स्वतंत्रता होगी, किन्तु इसके लिये उसे आवश्यकतानुसार अनुमतियां प्राप्त करनी होंगी।

5. सामान्यतः मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी (निवेशक) जिस वर्ग से संबंध रखता है, स्वामित्व परिवर्तन उसी वर्ग के निवेशक को करने की अनुमति दी जावेगी ताकि दिये गये अनुदान की मात्रा में विसंगति न हो, जैसे– उद्यमी यदि अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग/महिला उद्यमी वर्ग से संबंधित है तो उद्योग का नया स्वामी भी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग/महिला उद्यमी वर्ग से अनुमत होगा।

6. मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी को यदि निवेशक के वर्ग के आधार पर मूल स्वामी के संचालन के समय, सामान्य दर से अधिक अथवा विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन दिया गया हैं एवं स्वामित्व परिवर्तन उस वर्ग से भिन्न वर्ग के उद्यमी को होना है जिसे अधिक अथवा विशेष प्रोत्साहन की पात्रता नहीं है, तो प्राप्त किये गये सामान्य दर से अधिक अथवा विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन के अंतर की राशि का भुगतान मूल स्वामी द्वारा करने की शर्त पर ही अनुमति दी जा सकेगी। इस अंतर की राशि की गणना दिये गये आवेदन पत्र के साथ ही जमा करना आवश्यक होगा। ऐसे प्रकरणों में उक्त अंतर की राशि को जमा करने के प्रमाण प्रस्तुत किये जाने के उपरांत ही स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति जारी की जायेगी। इसी प्रकार मेसर्स ....उद्योग यदि औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित है तो प्रचलित भू–आबंटन नियमों में उपबंधित नियमों के अन्तर्गत सक्षम अनुमति एवं लागू भू–हस्तांतरण शूल्क आदि का भुगतान नवीन स्वामी द्वारा किये जाने उपरांत ही स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति जारी की जायेगी।

7. मेसर्स ....उद्योग का मूल स्वामी ने यदि निवेशक के वर्ग के आधार पर औद्योगिक क्षेत्रों में निःशुल्क/रियायती दर पर भूमि आबंटन प्राप्त किया है एवं स्वामित्व परिवर्तन उस वर्ग के उद्यमी से भिन्न उद्यमी के पक्ष में होना है, जिसे निःशुल्क या रियायती दर पर आबंटन की पात्रता नहीं है, तो उसकी अनुमति तभी दी जावेगी, जब स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति देने के आवेदन के समय छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 की कंडिका 2.10.2 के पालन में औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि की जो तत्समय प्रचलित दरें हैं व मूल स्वामी द्वारा भुगतान की गई भू–प्रब्याजि व भू–आबंटन से संबंधित अन्य देयताओं के अंतर की राशि का निर्धारित ब्याज सहित भुगतान नवीन स्वामी अथवा मूल स्वामी द्वारा किया जा चुका हो।

8. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन संबंधी अनुमति केवल उसे दिये गये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहनों के संदर्भ में होगी। मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन पर संबंधित पक्षकारों/अन्य हितधारको यथा बैंक, शासकीय विभाग के मध्य यदि कोई विवाद होता है तो उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ (अथवा उसके अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारी) उसमें पक्षकार नहीं होगा व उसकी कोई देयता नहीं होगी न ही वह किसी तरह के हर्जाने/क्षतिपूर्ति/मुआवजा के लिये जिम्मेदार होगा।

9. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने के पश्चात् औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन से संबंधित अधिसूचनाओं के अधीन समस्त अधिकारों एवं दायित्वों का हस्तांतरण उद्योग के नये स्वामी को हो जावेगा।

10. मेसर्स ....उद्योग की स्थापना अथवा उद्योग संचालन हेतु उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के जो विधिक अनुमतियां/अनुज्ञप्तियां आवश्यक होंगी, उन सभी में स्वामित्व परिवर्तन बाबत् कार्यवाही नये स्वामी को स्वयं करानी होगी व संबंधित विभागों के नाम परिवर्तन संबंधी प्रक्रियाओं/शर्तों का पालन भी पूर्णरूपेण करना होगा।

11. मेसर्स ....उद्योग में स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने की दिनांक से नये स्वामी पर वह सभी नियम, कानून लागू होंगे जो कि इस उद्योग के मूल स्वामी पर बंधनकारी थे।

12. मेसर्स ....उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन आदेश जारी होने की दिनांक से उक्त इकाई पर मूल स्वामी का कोई अधिकार नहीं होगा।

13. मेसर्स ....उद्योग के मूल स्वामी द्वारा यदि व्यक्तिगत क्षमता में कोई विधिक उल्लंघन किया गया है / किया जाना पाया जाता है, तो उसके लिए इस उद्योग का मूल स्वामी स्वामित्व परिवर्तन के पश्चात् भी उत्तरदायी होगा।

14. मेसर्स ....उद्योग के मूल स्वामी द्वारा यदि किसी कानून का उल्लंघन किया गया है व उस उल्लंघन का प्रभाव उद्योग के स्वामित्व एवं उद्योग में उत्पादन को निरंतर रखने पर पड़ता है, तो स्वामित्व परिवर्तन संबंधी आदेश निरस्त माना जावेगा।

15. उपरोक्त शर्तों में से किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित उद्योग के नये स्वामी के विरूद्ध उस उद्योग को दिये गये अनुदान की नियमानुसार वसूली के लिये कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।

उपरोक्त शर्तों के परिपालन हेतुउद्योग के वर्तमान स्वामी एवं नवीन स्वामी का एक नोटराईज संयुक्त स्वीकृति शपथ पत्र (उद्योग के वर्तमान एवं नवीन स्वामी) औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के अंतर की राशि एवं औद्योगिक क्षेत्रों में भू–आबंटन की वर्तमान दरों एवं आबंटित भूमि की दरों के अंतर की राशि का भूगतान चालान के माध्यम से करते हुए, चालानों की प्रतियां इस कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें। यह कार्यवाही, इस पत्र के जारी होने वाले की दिनांक से 03 माह के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है। समयावधि में ऐसा न किये जाने पर स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु आपका आवेदन स्वमेव निरस्त मानते हुए, नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

पृ. क्रमांक– /औ.नीति/2015/ **संचालक उद्योग**

रायपुर, दिनांक

प्रतिलिपि :–

मेसर्स.........उद्योग के प्रस्तावित क्रेता श्री................ पता .... को सूचनार्थ। श्री......... पता....................ने अपने उद्योग मेसर्स.............के स्वामित्व परिवर्तन बाबत् आवेदन दिया है कि आपके द्वारा उक्त उद्योग के कय हेतु अनुबंध किया गया है। यदि यह सत्य है एवं उपरांकित शर्ते स्वीकार है तो उपरोक्त शर्तों के पालन हेतु उद्योग के मूल स्वामी के साथ संयुक्त शपथ पत्र प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि स्वामित्व परिवर्तन बाबत् कार्यवाही की जा सके।

संचालक

परिशिष्ट–5

उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़

उद्योग भवन, रिंग रोड नं0 1, तेलीबांधा, रायपुर

फोन नं0 (0771) 2583652–54, फैक्स नं0 2583651

email address : dtic-directorate.cg@gov.in

क्रमांक– /औ.नीति/20.../ रायपुर, दिनांक

प्रति,

मेसर्स....................

....

....

विषयः– औद्योगिक नीति .... के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन (अंतिम स्वीकृति)।

संदर्भः– 1. आपका आवेदन पत्र. क्रमांक....दिनांक.......

2. संचालनालय का सूचना पत्र क.............दिनांक.............

3. संचालनालय की सूचना पत्र में दी गई शर्तों की पूर्ति हेतु आपका उद्योग के क्रेता के साथ संयुक्त सहमति शपथ पत्र क............दिनांक............

––00––

उपरोक्त विषय में आपके संदर्भित आवेदन पत्र क. 1. पर संचालनालय के पत्र क............... दिनांक..............पर आपके द्वारा दिये गये आवेदन पर आपकी इकाई से एवं उद्योग के क्रेता से स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति से संबंधित शर्तों पर सहमति संयुक्त शपथ पत्र के रूप में चाही गई थी जो आपके द्वारा पत्र क. ....दिनांक.... द्वारा दी गई है।

आपके द्वारा औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर की राशि (रू.). .... का भुगतान...........द्वारा चालान क्र.........दिनांक...........द्वारा किया गया है एवं भूमि आबंटन के अंतर की राशियों से संबंधित भुगतान चालान क.......दिनांक....... द्वारा किया गया है। इसके साथ ही स्वामित्व परिवर्तन हेतु ....का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आपके उद्योग मेसर्स................को स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति उद्योग संचालनालय द्वारा इस हेतु पूर्व में जारी सूचना पत्र क्रमांक .... दिनांक............... में वर्णित शर्तों के अधीन दी जाती है।

उद्योग संचालनालय द्वारा इस हेतु पूर्व में जारी सूचना पत्र क्रमांक.............. दिनांक................ . इस स्वामित्व परिवर्तन से संबंधित अनुमति का एक भाग है।

संचालक

प्रतिलिपिः–

1. श्री ....(वर्तमान स्वामी/डायरेक्टर, जैसा लागू हो) मेसर्स .... की ओर सूचनार्थ।
2. श्री ....(नवीन स्वामी /डायरेक्टर, जैसा लागू हो) मेसर्स .... की ओर सूचनार्थ।

संस्कृति विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 30 मई 2018

क्रमांक एफ 1-34/2016/30/सं.—छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 1-6/30/सं./07, दिनांक 4 जून, 2007 द्वारा गठित छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य संस्थान एवं इसके विधान में एतद्द्वारा राज्य शासन निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

1. उपान्तरणों के अध्यधीन रहते हुए विधान में शब्द "छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य संस्थान" जहां कहीं भी आये हों, के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. ये संशोधन, अधिसूचना जारी दिनांक से प्रवृत्त होंगे.

No. F 1-34/2016/30/C.—Chhattisgarh Government, Department of Culture, by it's notification No. F 1-6/30/C./07, Dated 4 June 2007 has constituted "Sindhi Sahitya Sansthan" and made it's By Laws. The state government hereby makes the following amendment in the By Laws, namely;

AMENDMENT

1. Subject to the modification that in the By Laws for the words "Chhattisgarh Sindhi Sahitya Sansthan" Wherever they occur the words "Chhattisgarh Sindhi Academy" shall be substituted.

2. This amendment shall come into force from the date of this notification.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
द्रोपती जेसवानी, उप-सचिव.

विधी और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2018

क्रमांक 4205/1480/21-ब/छ.ग./2018—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के परामर्श उपरांत महाधिवक्ता कार्यालय, बिलासपुर में पदस्थ निम्नलिखित सारणी के क्रमांक (2) में वर्णित विधि अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पन्न होने वाले मामलों के संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय हेतु उनके द्वारा अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करता है :—

क्रमांक (1)	विधि पदाधिकारी का नाम (2)	पद नाम (3)
1.	श्री अनिल पिल्लई	उप महाधिवक्ता
2.	श्री रतन पुस्ती	शासकीय अधिवक्ता
3.	श्री रविन्द्र अग्रवाल	शासकीय अधिवक्ता
4.	श्री आनंद ददरिया	उप शासकीय अधिवक्ता
5.	श्री सैयद माजिद अली	उप शासकीय अधिवक्ता

F. No. 4205/1480/XXI-B/C.G./18.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 24 of the code of Criminal Procedure, 1973 (No. 2 of 1974) the State Government after consultation with the High Court of Chhattisgarh appoints the following Law Officers in the Advocate General Office, Bilapur, specified in column No. (2) as publice prosecuter for the High Court of Chhattisgarh in respect of cases arising in the State of Chhattisgarh with effect from the date, they has assumed charge of his office :—

S. No. (1)	Name of the Law Officers (2)	Designation (3)
1.	Shri Anil Pillai	Dy. Advocate General
2.	Shri Ratan Pusty	Government Advocate
3.	Shri Ravindra Agrawal	Government Advocate
4.	Shri Anand Dadariya	Dy. Government Advocate
5.	Shri Syed Majid Ali	Dy. Government Advocate

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रविशंकर शर्मा, प्रमुख सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 18 मई 2018

क्रमांक 4946/1706/21-ब/छ.ग./2018—राज्य शासन एतद्द्वारा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक (FTC), रायगढ़ के पद पर नियुक्त श्री राजीव बेरीवाल, अधिवक्ता, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को शासन की ओर से पैरवी करने के लिए दिनांक 01-08-2017 से तीन वर्ष की कालावधि या 62 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक नियुक्त करता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 02 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये उसी अवधि के लिए उन्हें अतिरिक्त लोक अभियोजक भी नियुक्त करता है. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 23 मई 2018

क्रमांक 5083/1750/21-ब/छ.ग./2018—राज्य शासन एतद्द्वारा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय, सरगुजा, अंबिकापुर (छ.ग.) लिये उक्त अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत नियुक्त श्री गौरांगो सिंह, अधिवक्ता को दिनांक 18-09-2017 से तीन वर्ष के लिए या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो के लिये विशेष लोक अभियोजक (Actrocity) नियुक्त करता है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्ते छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी. नियुक्त विशेष लोक अभियोजक को शुल्क आदि का भुगतान विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 7492/डी-2655/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 18-09-12 एवं 8910/3016/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 20-11-2012 के अनुरूप देय होगा.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-64-2014-न्याय प्रशासन, 103-विशेष न्यायालय, 0703-केन्द्र प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति उपयोजना, 5171-विशेष न्यायालयों की स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों के शुल्क के अंतर्गत प्रभारित किया जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 23 मई 2018

क्रमांक 5085/1748/21-ब/छ.ग./2018—राज्य शासन एतद्द्वारा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, रायगढ़ के पद पर नियुक्त श्री सिद्धेश कुमार पटनायक, अधिवक्ता, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को शासन की ओर से पैरवी करने के लिए दिनांक 30-07-2017 से तीन वर्ष की कालावधि या 62 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक नियुक्त करता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 02 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये उसी अवधि के लिए उन्हें अतिरिक्त लोक अभियोजक भी नियुक्त करता है. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 23 मई 2018

क्रमांक 5087/1748/21-ब/छ.ग./2018—राज्य शासन एतद्द्वारा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, रायगढ़ के पद पर नियुक्त श्री अनुप कुमार साहू , अधिवक्ता, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को शासन की ओर से पैरवी करने के लिए दिनांक 01-08-2017 से तीन वर्ष की कालावधि या 62 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक नियुक्त करता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 02 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये उसी अवधि के लिए उन्हें अतिरिक्त लोक अभियोजक भी नियुक्त करता है. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 23 मई 2018

क्रमांक 5089/1748/21-ब/छ.ग./2018—राज्य शासन एतद्द्वारा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, रायगढ़ के पद पर नियुक्त श्री मोहन सिंह ठाकुर, अधिवक्ता, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को शासन की ओर से पैरवी करने के लिए दिनांक 01-08-2017 से तीन वर्ष की कालावधि या 62 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक नियुक्त करता है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 02 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये उसी अवधि के लिए उन्हें अतिरिक्त लोक अभियोजक भी नियुक्त करता है. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

उन्हें शासन द्वारा निर्धारित एवं समय-समय पर संशोधित रिटेनर फीस एवं अन्य फीस एवं अन्य फीस देय होगी. उनकी सेवा की अन्य शर्तें छ.ग. विधि विभाग मैन्युअल में निर्धारित अनुसार होगी.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन, 114-कानूनी सलाहकार और परिषद्, 3572-मुफस्सिल स्थापना, 10-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां, 008-शासकीय अभिभाषकों को फीस मद के अन्तर्गत प्रभारित किया जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनीष कुमार ठाकुर, अतिरिक्त सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2018

क्रमांक एफ 10-18/2017/16.—श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक Z-13025/39/2015-LR Cell दिनांक 12-01-2016 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (DIPP) द्वारा समय-समय पर यथा परिभाषित स्टार्ट-अप सेक्टर की इकाईयों को प्रोन्नत किये जाने हेतु उन्हें विशेष सहायता एवं छूट दिये जाने की दृष्टि से श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक 510/520/2016/16, नया रायपुर दिनांक 09-03-2016 एवं क्रमांक एफ 10-18/2017/16, नया रायपुर, दिनांक 29-11-2017 द्वारा स्टार्ट-अप वेंचर्स में श्रम अधिनियमों को प्रवर्तित करने के संबंध में निर्देश दिये गये हैं. उक्त अधिसूचना क्रमांक 510/520/2016/16, दिनांक 09-03-2016 में संशोधन करते हुए अधिसूचना की तालिका में क्रम संख्या 4 के पश्चात् निम्नानुसार क्रम संख्या 5 एवं अधिनियम अंत: स्थापित किया जाता है :—

क्र.	अधिनियम का नाम
05	छत्तीसगढ़ औद्योगिक नियोजन (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1961

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिव्या उमेश मिश्रा, उप-सचिव.

समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 23 मई 2018

क्रमांक एफ 7-6/2014/26.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 08-09-2015 द्वारा निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता नियम 1999 यथा संशोधित 2014 के प्रावधान अनुसार राज्य स्तरीय सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है. जिसकी कण्डिका 1 (8.5) में अशासकीय सदस्य श्री अजय गुप्ता, सूरजपुर को नामांकित किया गया है.

राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अजय गुप्ता, सूरजपुर के स्थान पर श्री अशोक गुप्ता, सूरजपुर को नामांकित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत लाल बंजारे, अपर सचिव.

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 30 मई 2018

क्रमांक/एफ 19-02/2012/25-2.—हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (1) में निहित प्रावधानानुसार राज्य हज कमेटी के नामांकित सदस्यों द्वारा दिनांक 06 मई 2018 को राज्य हज कमेटी की प्रथम सभा में सर्वसम्मति से हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर श्री सैय्यद सैफुद्दीन का चुनाव किये जाने के फलस्वरूप राज्य शासन, एतद्द्वारा हज कमेटी अधिनियम 2002 की धारा 21 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए श्री सैय्यद सैफुद्दीन को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. कुंजाम, संयुक्त सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-9/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए हिरमी निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

हिरमी निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम सकलोर एवं कुथरौदा ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम कुथरौदा एवं हिरमी ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम हिरमी की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम हिरमी एवं सकलोर ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-10/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए खपराडीह निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

खपराडीह निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम सेम्हराडीह, चण्डी एवं करही ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम करही एवं खपराडीह ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम खिपराडीह, सेम्हराडीह एवं भरूवाडीह ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम भरुवाडीह एवं सेम्हराडीह की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-11/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए रावन निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

रावन निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम रावन, रवेली एवं झिपन ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम झिपन की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम झिपन एवं रावन ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम रावन की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-12/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए रवान निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

रवान निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम रवान एवं अर्जुनी ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम अर्जुनी एवं खैरताल ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम खैरताल, भद्रापाल एवं रवान ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम रवान ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-13/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए हथबन्द निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

हथबन्द निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम धोधा एवं सीतापार ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम सीतापार एवं हथबन्द ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम हथबन्द एवं उड़ेला ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम उड़ेला एवं धोधा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-14/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए सोनाडीह निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

सोनाडीह निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम सोनाडीह की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम सोनाडीह एवं रसेड़ा ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम रसेड़ा एवं रसेड़ी ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम रसेड़ी एवं सोनाडीह ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-15/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए दामाखेड़ा निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

दामाखेड़ा निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम दामाखेड़ा एवं किरवई ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम किरवाई एवं धोबनी ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम धोबनी एवं दामाखेड़ा ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम दामाखेड़ा की पूर्वी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 मई 2018

क्रमांक एफ 7-16/2018/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए गिरौदपुरी निवेश क्षेत्र जिला बलौदाबाजार का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित् की गई है :—

अनुसूची

